Email : gcpiparcity@gmail.com 02930-234600
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड़ सिटी
पुलिस स्टेशन के सामने, खेजड़ला रोड़ पीपाड़ शहर, 342601 जिला–जोधपुर

दिनांक : **26/11/2022**

संविधान दिवस

सभी को संविधान में प्रदत शक्तियों को समझते हुए संविधान को आत्मार्पित करना चाहिए : न्यायाधीश जोशी

संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

नवज्योति/पीपाड़सिटी।

स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय सभागार में शनिवार को संविधान दिवस कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश अलका जोशी ने अपने वक्तव्य में बताया कि हम सभी को संविधान को आत्मार्पित करना चाहिए,संविधान में सभी को सम्मानता का अधिकार दिया है। अपने अधिकारों का प्रयोग कर हम विभिन्न स्तर पर न्याय प्राप्त कर सकते है साथ ही हमें अपने कर्त्तव्यों का भी पालन करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हम देश के संविधान के मूल उद्देश्यों की पूर्ति कर सके।

इस असवर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष मंसूर अली छीपा ने छात्राओं को संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन जोधपुर रणजीत जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान की विभिन्न धाराओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफलता के विभिन्न गुर बताये एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ निश्चय होकर अध्ययन करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ.नीना जैन ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन करके संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान पीपाड़सिटी बार एसोसिएशन अध्यक्ष मंसूर अली छीपा ने छात्राओं को संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाते हुए इसकी पालना करने का संकल्प भी दिलवाया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अंत में डॉ.कमलजीत कौर मेहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संदीप कच्छावाहा ने किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय अध्यक्षा रेखा चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय कर्मचारी सहायक आचार्य डॉ.नवनीत, जगदीश सारण तथा विक्रमसिंह राजपुरोहित, रामनिवास चौहान, रमेश कुमार बिश्नोई, ललित सोनेल,सलीम मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

उपभोक्ता
क्लब
राजकीय कन्या महाविद्यालय
पीपाड़ शहर जि. जोधपुर
आपका हार्दिक स्वागत करता है।
GPS Map Camera
Piparcity, Rajasthan, India
Old Bus Station, 9GJV+9M2, MDR90, Piparcity,
Rajasthan 342601, India
Lat 26.379578°
Long 73.546324°
26/11/22 12:22 PM GMT +05:30
Google

उपभोक्ता क्लब
राजकीय कन्या महाविद्यालय
Shot on Y19
Vivo AI camera
2022.11.26 12:24